आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 18.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं, बल्कि एक उभरता मॉडल भी है।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा – पर्यटन विभाग ने राज्य में सिख तीर्थ स्थलों का सर्किट बनाया है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट परम्परागत ढंग से पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद।
- हरिद्वार जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आगामी 21 नवंबर को वृहद रोजगार मेले का आयोजन।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। नई दिल्ली में कल छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में श्री मोदी ने कहा कि एक तरफ जहां दुनिया व्यवधानों से डरी हुई है, वहीं भारत सुनहरे भविष्य की ओर विश्वास के साथ बढ़ रहा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि तमाम वैश्विक संकटों के बीच भी भारत की वृद्धि दर लगातार बढ़ रही है।

शीतकालीन यात्रा

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि प्रदेश सरकार शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा के मद्देनजर पर्यटन विभाग ने एक सिख तीर्थ स्थलों का सर्किट बनाया है, जिसके तहत कई गुरुद्वारों की एक श्रृंखला बनाई गई है। इससे श्रद्धालु सभी गुरुद्वारों का आसानी से दर्शन कर सकेंगे। साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

वंदे मातरम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद बागेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रभारी कुंदन लटवाल और दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने किया। सुबह नगर पालिका परिषद परिसर में दोनों नेताओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने मिलकर वंदे मातरम का सामूहिक गान किया। इस अवसर पर देशभक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। वंदे मातरम के सामूहिक गान के बाद नगर में पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

पदयात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण में नागरिकों की भूमिका को मजबूत करना था। पदयात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें प्रतिभागियों ने राष्ट्रभक्ति से जुड़े नारों के साथ जन–जागरूकता का संदेश दिया। जिला प्रभारी कुंदन लटवाल ने कहा कि वंदे मातरम हमारे स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। इसके 150 वर्ष पूरे होना सिर्फ एक ऐतिहासिक क्षण नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मद्‌महेश्वर कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट आज सुबह आठ बजे परम्परागत ढंग से पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। इस अवसर पर साढ़े तीन सौ से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच इस वर्ष बाईस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान मद्‌महेश्वर के दर्शन किये। उन्होंने बताया कि कपाट बंद होने के बाद मदमहेश्वर जी की चल विग्रह उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए पहले पड़ाव गौंडार के लिए रवाना हुई। डोली 19 नवंबर राकेश्वरी मंदिर रांसी और 20 नवंबर को गिरिया प्रवास करेगी। 21 नवंबर को चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ पहुंचेगी, जहां शीतकाल में भगवान मद्‌महेश्वर की पूजा–अर्चना की जाएगी।

रोजगार मेला

हरिद्वार जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आगामी 21 नवंबर को दयानंद स्टेडियम गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने कार्यक्रम अधिकारी गिरीश तिवारी को रोजगार मेले का जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। ताकि रोजगार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

इंडस्ट्री एकेडमिया डायलॉग

दून विश्वविद्यालय ने सेमीकंडक्टर उद्योग के क्षेत्र में इंडस्ट्री कनेक्ट स्थापित करना शुरू कर दिया है। इसी पहल के तहत एक अमेरिकी कंपनी के अनुसंधान और विकास के निदेशक डॉक्टर आर. गोपीचंद्रन ने दून विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स के साथ संवाद किया। दून विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण कुमार ने बताया कि सेमीकंडक्टर उद्योग तेज़ी से बढ़ रहा है और इसमें अगले 10 सालों में लाखों छात्रों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे।

दून विश्वविद्यालय की छात्राओं ने बताया कि एकेडमिया इंडस्ट्रियल डायलॉग में उन्हें बेहद अहम सुझाव मिलें, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

छात्रावास पौड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से पौड़ी गढ़वाल के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे कमजोर वर्गों के छात्रों को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया ने बताया कि 48 स्वीकृत सीटों में से वर्तमान में यहां 31 छात्र पंजीकृत हैं, जिन्हें निःशुल्क आवास, भोजन, वाई–फाई, अध्ययन सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक उन्नति के लिए छात्रावास में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गयी है, जिससे छात्र नियमित रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। इस सुविधा ने कई छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता दिलायी है। छात्रावास अधीक्षक जयदेव नौगाईं ने बताया कि छात्रावास में रहने वाले सभी छात्रों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। वर्ष 2024 में सभी विद्यार्थियों को खेल महाकुंभ में भाग दिलाकर उनके व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया गया है।